nt>

Title: Need to ensure early commissioning of telephone exchanges in Mandsaur Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) : सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मंदसौर, नीमच तथा रतलाम जिलों के कई स्थानों पर दूर संचार के नये भवन बन कर तैयार हैं, लेकिन कुछ सामान्य से उपकरणों के अभाव में उन नये भवनों में एक्सचेंज प्रारंभ नहीं किए जा रहे हैं। जब कि इन नये भवनों के एक्सचेंजों के दायरे में आने वाले आस-पास के ग्रामवासियों द्वारा दो-दो, तीन-तीन वा पूर्व ही टेलिफोन कनैक्शन हेतु नियमानुसार आवश्यक धनराशि जमा करवा रखी है, किन्तु उनको अभी तक भी टेलिफोन कनैक्शन प्राप्त नहीं हुए हैं। इसी प्रकार से सामान्य उपकरणों के अभाव में जावरा, भानपुरा, जावद तथा रामपुरा आदि नगरों में मोबाइल सेवा प्रारंभ नहीं की जा सकी है, जबकि इन सेवाओं के बारे में औपचारिक रूप से कई बार घोाणा की जा चुकी है। दूर संचार की सेवाओं को इस प्रकार से निलंबित किए जाने और पैसा जमा कराए जाने के बावजूद कनैक्शन प्राप्त नहीं होने के कारण जनसाधारण को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि इन क्षेत्रों में कई स्थान ऐसे भी हैं, जो अपराध प्रवृत्ति के कुछ व्यक्तियों से प्रभावित हैं। इस बारे में अधिकारियों का ध्यान बार-बार आकर्ाित किया गया, किन्तु कार्य में लापरवाही करते हुए ि वलंब किया जा रहा है।

अत: मेरा संचार मंत्री महोदय से अनुरोध है कि नये भवनों में एक्सचेंज तुरंत चालू किए जाएं, उनमें जो भी उपकरणों का अभाव है, उनकी पूर्ति की जाए।